हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यशाला में दी आपदा से निपटने की ...



07 जातिवार जनसंख्या के आंकड़े सार्वजनिक करने की...



खबर संक्षेप

आईटीआई ने 10 साल बाद हासिल किया शत-प्रतिशत प्रवेश का लक्ष्य

लटेरी। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) लटेरी ने इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया में 100 प्रतिशत प्रवेश का लक्ष्य हासिल किया है। करीब 10 वर्षों बाद संस्थान को यह उपलब्धि मिली है। प्राचार्य नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन और प्रभावी प्रबंधन से यह सफलता संभव हुई। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के महत्व से अवगत कराने और कौशल विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए गए। इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई उम्मीद जगी है। संस्थान परिवार ने भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया है।

जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राएं रही विजेता

विदिशा। मप्र शासन, उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालयीन जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय, लटेरी में किया गया। प्रतियोगिता में राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, विदिशा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। तथा उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय के पांच खिलाड़ियों का चयन आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है विजेता दल के महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने सभी विजेता खिलाड़ी छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार अहिरवार एवं दल मैनेजर कु. सोनम साहू को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

2200 मीटर की चुनरी लेकर 14 किमी पैदल चले



विदिशा। जिले की सबसे लंबी चुनरी यात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। 2200 मीटर लंबी चुनरी लेकर हजारों श्रद्धालु 14 किलोमीटर पैदल चले। यात्रा श्री नगरसेन बाबा साहब मंदिर हिनोतिया से प्रारंभ होकर श्री कालभैरव मंदिर की नगरी देवखजुरी होते हुए चितोरिया वाली मैया के दरबार पहुंची, जहां चुनरी अर्पित की गई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए फलाहार वितरण की व्यवस्था की गई। यात्रा में महेंद्र रघुवंशी, देवेंद्र लोधी, पवन मालवीय, अवधनारायण मालवीय, नीरज मालवीय, गोलू लोधी, अंकित सेन, विकास मालवीय, वीरेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

सिंचाई के लिए एक नवंबर से नहरों में छोड़ा जाएगा पानी

71% पानी पीने के लिए आरक्षण, 50% भरे जलाशयों से सिंचाई के लिए मिलेगा एक पानी

रबी फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को नहरों से एक बार पानी मिलने का रास्ता साफ हो गया है। गुरुवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि एक नंबर से सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। लेकिन सिर्फ एक बार पानी ही मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। बैठक के दौरान सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ने के संबंध में चर्चा करते हुए विधायक सूर्यप्रकाश मीना।

जिले में रबी फसलों की सिंचाई के लिए 1 नवंबर से नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। हालांकि, जलाशयों में उपलब्ध पानी के आधार पर सिंचाई के लिए जल का वितरण किया जाएगा।

जिले के बांधों में उपलब्ध जल का 71 प्रतिशत हिस्सा पेयजल के लिए आरक्षित रखा गया है, जबकि 50 प्रतिशत तक जलभराव वाले बांधों से किसानों को सिंचाई के लिए एक पानी उपलब्ध कराया जाएगा। गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मीना मसराम की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक हुई। इसमें शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा सहित जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जिले के जलाशयों में उपलब्ध पानी, सिंचाई परियोजनाओं और नहरों की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में राज्य स्थापना दिवस, 1 नवंबर से नहरों में जल प्रवाह शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले के बांधों में उपलब्ध पानी का 71 प्रतिशत पेयजल के लिए आरक्षित रखा गया है। ऐसे में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का निर्णय जलाशयों में जलभराव की स्थिति को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। जिन बांधों में 50 प्रतिशत तक पानी उपलब्ध है, उनसे किसानों को एक बार सिंचाई के लिए पानी दिया जाएगा। इससे पेयजल की जरूरत सुरक्षित रखने के साथ किसानों को फसलों के लिए आवश्यक सिंचाई सुविधा देने की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में विदिशा नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर, गंजबासौदा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक वर्मा, जल संसाधन विभाग और कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

नहरों की सफाई और समान वितरण पर जोर: बैठक में नहरों की साफ-सफाई, कमांड क्षेत्र में जल वितरण और सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि नहरों की सफाई और जल वितरण की व्यवस्था दुरुस्त रखें, ताकि पानी का समान रूप से वितरण हो सके। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उपलब्ध पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने से अधिक किसानों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाई जा सकती है।

कर वसूली और पानी के सदुपयोग पर जोर

विधायक सूर्य प्रकाश मीना ने जलकर की वसूली, विदिशा नगरपालिका को पेयजल पाइपलाइन से पानी उपलब्ध कराने और किसानों को सिंचाई जल का सदुपयोग करने पर जोर दिया। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री किरण भाबोर ने कमांड क्षेत्र के किसानों से अपील की कि वे सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का जरूरत के अनुसार और मितव्ययिता से उपयोग करें, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके।

21 अक्टूबर तक भारी वाहन रहेंगे प्रतिबंधित

जाम रोकने प्रशासन ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इसके तहत 14 से 21 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 12 बजे तक भारी वाहन विदिशा नगर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। यह आदेश अनुविभागीय दंडाधिकारी, विदिशा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है। नवरात्रि के दौरान देवी प्रतिमाओं के दर्शन, गरबा आयोजनों और अन्य धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर में पहुंच रहे हैं। देर रात तक लोगों की आवाजाही रहने से प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात का दबाव बढ़ने की आशंका है। इसे देखते हुए प्रशासन ने यह व्यवस्था लागू की है, ताकि जाम और सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति को रोका जा सके।

तीन चौराहों पर रोक

आदेश के अनुसार विवेकानंद चौराह, दुर्गानगर चौराह और पीतलमील चौराह से भारी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, एम्बुलेंस और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े आकस्मिक वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है, जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित न हों।

करना होगा पालन

विदिशा पुलिस ने वाहन चालकों और आम नागरिकों से यातायात प्रतिबंधों का पालन करने की अपील की है। भारी वाहन चालकों से निर्धारित मार्गों और समय संबंधी निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। पुलिस ने श्रद्धालुओं से भी यातायात नियमों का पालन करने और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि नवरात्रि पर्व सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

लटेरी की 12 ग्राम पंचायतों में आज लगेंगे शिविर

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार 16 अक्टूबर को लटेरी तहसील के कोलुआ पठार क्लस्टर की 12 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इनमें ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही लटेरी नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में भी शिविर आयोजित होंगे। इनके लिए नया बस स्टैंड, सिरोंज चौराहा पुलिस चौकी, मढैया चौराहा, कन्या शाला, बढ़ईपुरा कुआं, जेल बिल्डिंग और मजरा गोपीतलाई सहित विभिन्न स्थान निर्धारित किए गए हैं। शिविरों में विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को लेकर दिग्विजय सिंह से मिले विदिशा के कांग्रेसी

20 से उज्जैन से अयोध्या तक निकलेगी यात्रा, भोपाल में हुई तैयारियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा विजयादशमी के अवसर पर 20 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जाने वाली सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

इसी सिलसिले में विदिशा जिले के कांग्रेस नेताओं ने भोपाल में दिग्विजय सिंह के निवास पर उनसे मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री पंकज जैन, कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा



एडवोकेट और जिला कांग्रेस सचिव प्रसंग जैन ने यात्रा को लेकर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए। यात्रा को लेकर प्रदेश सहित विदिशा जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह है। यात्रा के माध्यम से सनातन परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।

नेताओं के अनुसार यह यात्रा पूर्णतः गैर राजनीतिक है। इसमें किसी भी विचारधारा और समुदाय के लोग शामिल होकर सहभागिता कर सकते हैं। यात्रा का उद्देश्य सनातन परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सामाजिक समरसता का संदेश देना है।

घरों के पास श्मशान घाट बनाने का विरोध

गौड़खेड़ी विस्थापित कॉलोनी पहुंचे एसडीएम मोतीलाल अहिरवार, आबादी से दूर स्थल चिह्नित करने निर्देश

विस्थापितों को स्थायी समाधान की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

बीना नदी पर बनी हनोता बांध परियोजना के डूब क्षेत्र से विस्थापित होकर गौड़खेड़ी कॉलोनी में बसे ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के लिए एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने बस्ती का निरीक्षण किया। रहवासियों ने मकानों के नजदीक श्मशान घाट बनाए जाने पर विरोध जताते हुए इसे आबादी से दूर स्थानांतरित करने की मांग की। ग्रामीणों की आपत्ति को देखते हुए एसडीएम ने मौके से ही पठारी तहसीलदार प्रेमलता पाल को स्थल निरीक्षण कर श्मशान घाट के लिए सरकारी जमीन तलाशने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने उन्हें उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने पठारी तहसीलदार प्रेमलता पाल को राजस्व अमले के साथ कॉलोनी के आसपास स्थल निरीक्षण करने और आबादी से दूर सरकारी जमीन चिह्नित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रस्तावित स्थल तक पहुंच मार्ग की उपलब्धता का भी ध्यान रखने को कहा, ताकि अंतिम यात्रा के दौरान लोगों को परेशानी न हो। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि श्मशान घाट के स्थान को लेकर संबंधित परियोजना अधिकारियों से भी चर्चा की जाएगी। इसके अलावा कॉलोनी में जल निकासी, बिजली और पहुंच मार्ग जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

घरों के पास श्मशान घाट बनाने पर जताई आपत्ति

निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बुजुर्ग एकत्र हुए। ग्रामीणों ने बताया कि हनोता बांध परियोजना के कारण उन्हें अपनी पुश्तैनी जमीन और मकान छोड़ने पड़े थे। पुनर्वास के तहत उन्हें गौड़खेड़ी कॉलोनी में बसाया गया, लेकिन यहां अब भी बुनियादी सुविधाओं की कमी है। पक्की सड़कों और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के बीच अब मकानों के नजदीक श्मशान घाट बनाए जाने की प्रक्रिया से उनकी परेशानी बढ़ गई है। रहवासियों का कहना था कि श्मशान घाट घरों के पास होने से बच्चों और बुजुर्गों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। अंतिम संस्कार के दौरान उठने वाले धुएं से भी परेशानी होने की आशंका है।

राजपूत दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य बने

शमशाबाद। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नरेंद्र सिंह राजपूत खडेर को दूरसंचार सलाहकार समिति (टीएसी) का सदस्य मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, भाजपा नेता प्रहलाद यादव, पार्षद जुगल चौकसे, रिंकू भार्गव, दीपक मेहर, मदन कुशवाह, राजपूत समाज अध्यक्ष सुंदर सिंह राजपूत, बलवीर सिंह और किशन सिंह रायजादा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देकर शुभकामनाएं दीं। सभी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताते हुए इस मनोनयन को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



कुल्हाड़ी मारने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- उधारी के पैसे मांगने को लेकर हुआ था विवाद।

विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम जीसी शर्मा की अदालत ने हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी रोहित यादव (26) निवासी पठारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालय ने आरोपी पर कुल 2 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार, 19 जून 2020 को फरियादी रंजीत अहिरवार झंडा चौक पर दाढ़ी बनवाने गया था। इसी दौरान आरोपी रोहित यादव कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और उधारी के रुपए मांगने लगा। रुपए नहीं होने की बात कहने पर विवाद हुआ। आरोपी ने रंजीत पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसकी गर्दन के पीछे, सीने के बाईं ओर और बाएं हाथ में चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच के बाद न्यायालय में चालान पेश किया। अदालत ने एससी-एसटी अधिनियम में आजीवन कारावास और धारा 307 में सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। पैरवी विशेष लोक अभियोजक जेएस तोमर ने की।

व्यक्तित्व विकास के लिए दिशाबोध शिविर आयोजित

कुरवाई। विद्या भारती मध्य भारत प्रांत की योजनानुसार सरस्वती विद्या मंदिर कुरवाई में तीन दिवसीय दिशाबोध शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। प्राचार्य बलराम रघुवंशी ने पुण्यभूमि भारत विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए व्यक्तित्व विकास का महत्व बताया। शिविर में चयनित 31 भैया-बहिनों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने ग्राम दर्शन कर ग्रामीण परिवेश को समझा तथा बैंक, नगर परिषद और स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। परियोजना कार्य के तहत विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार भी प्रस्तुत किए।



वर्ल्ड वे स्कूल गुलाबगंज में डॉ. अब्दुल कलाम को दी श्रद्धांजलि



गुलाबगंज। वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुलाबगंज में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों एवं विचारों को याद किया। विद्यालय के डायरेक्टर दानिश अली जाफरी ने कहा कि मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. कलाम का जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और शिक्षा के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। उनका संपूर्ण जीवन देशसेवा, विज्ञान और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित रहा। प्राचार्य अजय कुमार दास ने कहा कि राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने के बाद भी डॉ. कलाम सरल, सहज और विनम्र बने रहे। वे स्वयं को वैज्ञानिक और शिक्षक के रूप में देखना पसंद करते थे। उन्हें बच्चों और युवाओं से विशेष लगाव था। उनका विश्वास था कि शिक्षित, संस्कारवान और आत्मनिर्भर युवा ही देश को आगे ले जा सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डॉ. कलाम की वैज्ञानिक उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की जानकारी दी गई।

योग, पोषण, व्यक्तिगत एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा मासिक धर्म स्वच्छता की दी जानकारी

कन्या छात्रावास में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शासकीय कन्या छात्रावास इन्द्रा कॉम्प्लेक्स में 13 एवं 14 अक्टूबर को दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसका उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में छात्राओं को पोषण, योग, एनीमिया से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता और किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलावों के संबंध में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की मेडिकल ऑफिसर डॉ. उमा शाक्य ने छात्रावास में निवासरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को नियमित योग एवं शारीरिक गतिविधियां करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक एकाग्रता बढ़ाने और तनाव कम करने में भी सहायक है। छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें दैनिक जीवन में अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

एनीमिया से बचाव के लिए दी जानकारी: कार्यक्रम में छात्राओं को एनीमिया के लक्षण, कारण और बचाव के उपाय बताए गए। शरीर में आयरन की कमी से होने वाली इस समस्या से बचने के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने की समझाइश दी गई। साथ ही आयरन की गोलियों के महत्व की जानकारी देकर चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उनका सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान छात्राओं के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच भी की गई, ताकि आवश्यकतानुसार उन्हें उचित परामर्श दिया जा सके।



विदिशा। कन्या छात्रावास में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए।

मानसिक स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जोर

उमंग स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ परामर्शदाता कीर्ति भार्गव ने छात्राओं को केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों पर चर्चा करते हुए छात्राओं को अपनी समस्याएं बिना संकोच स्वास्थ्य विशेषज्ञों के सामने रखने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षित साधनों का उपयोग करने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह भी दी गई।

नरवाई जलाने पर प्रशासन सख्त, दो किसानों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। जिले में नरवाई जलाने की सात घटनाएं सामने आने पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। कुरवाई, सिरोंज और नटेरन विकासखंडों में कृषि एवं राजस्व विभाग के दल ने मौके पर पहुंचकर जांच की। कुरवाई और सिरोंज के दो किसानों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक एवं दंडात्मक आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान बताए। साथ ही नरवाई से भूसा बनाने और डीकंपोजर से जैविक खाद तैयार करने की समझाइश दी। अधिकारियों ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है, उपयोगी सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं और वायु प्रदूषण बढ़ता है।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1771
उच्चतम भाव-7222
सरसों
न्यूनतम भाव-6800
उच्चतम भाव-9200
चना
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-7240
मसूर
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-10000
शरबती
न्यूनतम भाव-2711
उच्चतम भाव-4220
गेंहू
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3316
बटरी
न्यूनतम भाव-2710
उच्चतम भाव-5000
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-4500
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-8050
मक्का
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-2531
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-3400
धनिया
न्यूनतम भाव-13000
उच्चतम भाव-13000

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 24480 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

आज होगी भैरव आरती

गंजबासौदा। शीतला शक्तिधाम में 16 अक्टूबर को भैरव छठ पर रात्रि 12 बजे भैरव जी की विशेष आरती होगी। नवरात्रि के अंतिम दिनों में भी शीतला शक्ति धाम पर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी। सोमवार को नवमी के अवसर पर कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा पर देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए चल समारोह निकाला जाएगा। इस दौरान शहर के मुख्य मार्ग से निकलने वाली झांकियों का पूजन-अर्चन शीतला शक्ति धाम सेवा समिति द्वारा किया जाएगा।

मेडिकल को सील किया

गंजबासौदा। गुरुवार को रसूलपुर में ड्रग इंस्पेक्टर के नेतृत्व में टीम द्वारा मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मेडिकल संचालक से आवश्यक दस्तावेज की मांग एवं स्टॉक की जांच की गई। जिसमें गड़बड़ी पाए जाने एवं दस्तावेज पूर्ण न पाए जाने पर मेडिकल स्टोर को टीम द्वारा सील किया गया।



बद्रीनाथ थीम पर सजी झांकी बनी आकर्षण का केंद्र...



आकर्षण का केंद्र बनी वार्ड 11 की झांकी

गंजबासौदा। नगर के वार्ड नंबर 11 स्थित टीटी जैन पाठशाला परिसर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा इस बार श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है। आयोजकों द्वारा इस वर्ष पंडाल को बद्रीनाथ धाम की तर्ज पर भव्य रूप से सजाया गया है। पंडाल में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को बद्रीनाथ धाम के दिव्य दर्शन की अनुभूति हो रही है। सजावट और लाइटिंग देखते ही बन रही है। मां दुर्गा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं और आयोजकों के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में नवदुर्गा उत्सव की धूम है। जगह-जगह झांकी उत्सव समितियों द्वारा मां दुर्गा की सुंदर एवं विशाल झांकियां लगाई हैं, जहां पर प्रतिदिन भजन संध्या, गरबा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रात्रि के समय आरती पश्चात नगर के मुख्य मार्गों पर झांकी देखने भीड़ उमड़ रही है। छाया : राजा छारी

नगर में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के तिरंगा चौराहे पर पहली बार सम्राट अशोक ग्रुप द्वारा तीन दिवसीय गरबा एवं डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। 12 से 14 अक्टूबर तक चले इस गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में बच्चों, युवाओं और महिलाओं सहित नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन समिति ने बताया कि नगर में गरबा के प्रति युवाओं के उत्साह को देखते हुए पहली बार इस तरह का आयोजन किया गया था। गरबा पंडाल को आकर्षक लाइटों और साज-सज्जा से सजाया गया था। डीजे की धुन पर गरबा प्रेमियों ने जमकर डांडिया खेला। पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे युवक-युवतियां गरबा में आकर्षण का केंद्र रहे। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में प्रतिदिन शाम 7 बजे से देर रात तक गरबा चला। सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया था। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। समिति द्वारा गरबा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। सर्वश्रेष्ठ गरबा ड्रेस, सर्वश्रेष्ठ डांडिया प्रदर्शन सहित विभिन्न वर्गों में पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर सम्राट अशोक ग्रुप के धर्मेंद्र कुशवाह और अशोक कुशवाह ने बताया कि उनका उद्देश्य नगर में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ना है। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रुप के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का तहसीलदार ने किया शुभारंभ

युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यशाला में दी आपदा से निपटने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ द्वारा कलेक्टर के निर्देशन में होमगार्ड कमांडेंट मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में सात दिवसीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तहसीलदार सविता पटेल ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि शासन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को आपदा की परिस्थितियों में सक्षम, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि आपदा के समय युवा आगे आकर आमजन की सहायता कर सकें।



गंजबासौदा। कार्यशाला को संबोधित करते अधिकारी

उन्होंने बताया कि आगामी सात दिनों तक युवा आपदा मित्रों को बाढ़, भूकंप, ध्वस्त संरचनाओं में खोज एवं बचाव कार्य, सीपीआर, प्राथमिक उपचार, सर्पदंश, वज्रपात तथा रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं परमाणु आपदाओं से सुरक्षा और बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए जाएंगे।

मुख्य अतिथि सविता पटेल ने प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल होने वाले युवा आपदा मित्रों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने युवाओं से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग आपदा के समय आमजन की सहायता करने तथा जरूरतमंद लोगों की जान बचाने में करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में होमगार्ड कंपनी कमांडर देवीसिंह परते सहित एसडीईआरएफ की टीम उपस्थित रही। यह प्रशिक्षण युवाओं को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने और



गंजबासौदा। प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित युवा

आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के गुर सीखे।

एलबीएस में प्लेसमेंट कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

एलबीएस कॉलेज में कॉमर्स विभाग के छात्रों के लिए एचपीई क़पनी बैगलोर द्वारा प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे एलबीएस कॉलेज एवं गर्ल्स कालेज के बीकॉम उत्तीर्ण छात्रों को फाइनेंस अपरेंटिस पद के लिए परीक्षा व इंटरव्यू लिए गए। जिसमे तनीशा साहू और सागर पटेल का चयन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों से जोड़ना और करियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में क़पनी से सीनियर मैनेजर प्रशांत, मैनेजर सुजाता एवं एचआर लोपाली ने प्लेसमेंट प्रकिया पूरी की।

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, विभाग प्रभारी डॉ. मनोज सक्सेना, प्लेसमेंट प्रभारी सारिका देव एवं गौरव नामदेव की उपस्थिति रही। एचपी कंपनी के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रक्रिया तथा रोजगार से जुड़ी संभावनाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ व्यावहारिक ज्ञान, संचार कौशल और व्यावसायिक दक्षताओं को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अनेक विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

गंजबासौदा। त्योंदा रोड स्थित कमलदीप अकादमी परिसर में स्व. सेठ दीपचंद जैन की पुण्य स्मृति में उनके पुत्रगण डॉक्टर एके जैन, निर्मल कुमार जैन, मुकेश जैन, वीरेंद्र जैन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम के प्रारंभ में परिसर में स्थापित स्व. सेठ दीपचंद जैन की प्रतिमा पर अतिथियों एवं परिजनों ने माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। शिविर में 546 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 178 मरीजों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 54 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। वहीं 88 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा 36 मरीजों को चश्मे के नंबर दिए गए। इसके अलावा दंत रोग, महिला रोग एवं बाल रोग सहित अन्य बीमारियों से संबंधित 368 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. विमलचंद ओसवाल, हरी बाबू अग्रवाल, जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, सुनील बाबू पिंगले, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, मेहरबान सिंह राजपूत, अर्जुन लाल पांचाल एवं अशोक अग्रवाल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार ने किया तथा आभार निर्मल कुमार जैन ने व्यक्त किया।

सजाई गई चैतन्य झांकी



गंजबासौदा। नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र द्वारा चैतन्य देवियों की भव्य एवं मनमोहक झांकी का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में देवी स्वरूप में सजी चैतन्य कन्याओं के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में माउंट आबू से आए मुख्य वक्ता महेश भाई ने नवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवरात्रि केवल देवी पूजन और व्रत का पर्व नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर निहित आत्मिक शक्तियों को जागृत करने, नकारात्मक प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त करने तथा जीवन में पवित्रता, शांति, प्रेम और सद्भाव धारण करने की प्रेरणा देता है। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व आत्मनिरीक्षण और आत्मपरिवर्तन का संदेश देता है। हमें अपने भीतर की कमजोरियों को पहचानकर क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या और नकारात्मक विचारों का त्याग करना चाहिए। जब व्यक्ति अपने विचारों और संस्कारों को श्रेष्ठ बनाता है, तभी परिवार, समाज और विश्व में सुख-शांति का वातावरण निर्मित होता है।

बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

गंजबासौदा। ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की मंशा के अनुरूप पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के दावों के बीच ग्राम इमलावदा में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में प्रतिदिन करीब 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जबकि बार-बार बिजली गुल होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, जिनकी पढ़ाई पर भी इसका असर पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में पिछले 20 से 25 दिनों से बिजली कटौती की समस्या लगातार बनी हुई है। ग्रामीण जब इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत करते हैं, तो उन्हें लाइट मेंटेनेंस का हवाला दिया जाता है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सुभाष निकेतन व माय स्कूल में हुआ वैदिक यज्ञ का आयोजन

नवरात्रि के दौरान विद्यालय में हुआ वैदिक यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के हिंदी माध्यम के विद्यालय सुभाष निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल और अंग्रेजी माध्यम के माय स्कूल में नवरात्रि उत्सव के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी उत्सव के अंतर्गत विद्यालय के सभी बच्चों और स्टाफ ने मिलकर वैदिक यज्ञ किया। इस अवसर पर वैदिक यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में समिति के सदस्य शांतनु देव सपरिवार सम्मिलित हुए। साथ ही माय स्कूल के शिक्षक अनिल अहिरवार एवं विद्यार्थी भैया बहनों, शिक्षिका मंजुलता, शालिनी रघुवंशी ने भी यजमान के रूप में भागीदारी की। विद्यालय के सभी भैया बहन भी इस यज्ञ में सम्मिलित हुए और सब ने वैदिक मंत्रो का उच्चारण करते हुए आहुतियां दी। प्रातः काल हुए इस अग्निहोत्र के कार्यक्रम में सभी बच्चे मैदान में एकत्रित हुए और मैदान में ही बनी वेदिका पर यह यज्ञ संपन्न हुआ। बच्चों ने वैदिक मंत्रो का उच्चारण करते हुए विद्यालय को गुंजायमान कर दिया।

विद्यालय परिसर में आयोजित यह संस्कार क्षम कार्यक्रम पालक एवं विद्यार्थियों को बहुत भाया। इस अवसर पर उपस्थित समिति के सदस्य शांतनु देव ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कार और संस्कृति की शिक्षा देने के लिए सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल और अंग्रेजी माध्यम के माय स्कूल का कोई विकल्प नहीं है। विभिन्न अवसरों पर यहां अनेक प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है जिससे विद्यार्थी भारतीय संस्कृति से परिचित होते है। यह वैदिक मंत्र उच्चार के साथ किया गया यज्ञ का कार्यक्रम भी इसी कड़ी में एक कार्यक्रम है। जिसमें बच्चों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया और साथ ही यज्ञ में अपनी आहुतियां दीं। इस दौरान विद्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा। विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश श्रीवास्तव एवं विद्यालय की प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव ने भी इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुभाष निकेतन में विभिन्न अवसरों की तरह आज भी नवरात्रि उत्सव के अंतर्गत इस वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विजयादशमी पर होगा सामूहिक शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विजयादशमी पर शौर्य, साहस और धर्म की रक्षा के संकल्प के साथ रघुवंशी समाज शस्त्र पूजन करेगा। अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद के तत्वावधान में लगातार दूसरे वर्ष 'विजयोल्लास-2' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में होगा। जिसके माध्यम से समाज की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। रघुवंशी समाज के युवा इकाई जिला अध्यक्ष इंजीनियर रविंद्र रघुवंशी ने बताया कि विजयोल्लास-2 का आयोजन विदिशा जिले में एक साथ किया जा रहा है। विजयादशमी का पर्व शस्त्र पूजन के लिए विशेष महत्व रखता है। यह परंपरा शक्ति के सदुपयोग, अन्याय के प्रतिकार और धर्म की रक्षा के संकल्प से जुड़ी है।

आयोजन का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाने के साथ युवाओं में अपनी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं के प्रति गौरव का भाव जागृत करना है। परिषद का प्रयास है कि इस परंपरा के माध्यम से युवा पीढ़ी अपने पूर्वजों के इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों को समझे। समाज में आपसी सहयोग, संगठन और एकजुटता की भावना मजबूत हो तथा नई पीढ़ी अपनी विरासत को केवल इतिहास के रूप में नहीं, बल्कि जीवन में अपनाए जाने वाले संस्कारों के रूप में देखे। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद द्वारा पिछले वर्ष विजयादशमी पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। अब दूसरे वर्ष इस पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। पहल का उद्देश्य समाज के अधिक से अधिक लोगों को इस परंपरा से जोड़ना और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। इससे स्थानीय स्तर पर समाज के लोगों को एक साथ आकर अपनी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं के संरक्षण का अवसर मिलेगा। परिषद ने स्वजातीय बंधुओ से शस्त्र पूजन के लिए अपने-अपने शस्त्रों के साथ उपस्थित रहने की अपील की है। जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

पुण्यतिथि व जयंती मनाई

गंजबासौदा। शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में स्वर्गीय नारायण संदाशिव पिंगले सेवा संस्थान अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले के मुख्य आतिथ्य में महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने राजमाता सिंधिया और डॉ. राम मनोहर लोहिया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महानायक बताया। वहीं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अशोक कुमार जिनकी जयंती है और डॉ. राम मनोहर लोहिया जो कि वरिष्ठ समाजवादी नेता थे। उनके जीवन के विभिन्न संस्मरणों को साझा किया और अशोक कुमार को सदाबहार फिल्मी कलाकार बतलाया। स्वर्गीय किशोर कुमार जिनका मध्य प्रदेश में जन्म हुआ उनके द्वारा हजारों फिल्मी गाने गाए गए। उनका संगीत और गीत आज भी अमर है। कार्यक्रम में मोहन सैनी, प्रभाकर नामदेव, उत्तम सोनी, कैलाश नेमा, शहर वाचनालय प्रभारी कुलदीप राजपूत ने अपने विचार व्यक्त कर सभी आमंत्रित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जनगणना 2027 में ओबीसी का पृथक कॉलम निर्धारित हो, महासभा ने सौंपा ज्ञापन

जातिवार जनसंख्या के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं जनगणना आयुक्त के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जनगणना 2027 में अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) की तरह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए भी पृथक वर्ग एवं जाति कॉलम निर्धारित करने की मांग को लेकर गुरुवार को ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन राष्ट्रपति महोदय, प्रधानमंत्री महोदय तथा भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त के नाम संबोधित किया गया। इसमें ओबीसी की कुल एवं जातिवार जनसंख्या के प्रमाणिक आंकड़े एकत्रित करने, उनका सत्यापन करने और सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करने की मांग की गई। महासभा ने ज्ञापन में कहा कि देश में सामाजिक न्याय, समान अवसर और पिछड़े वर्गों के समुचित विकास के लिए प्रमाणिक जनसांख्यिकीय आंकड़े आवश्यक हैं। ओबीसी वर्ग की वास्तविक जनसंख्या तथा उसकी सामाजिक,आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति से संबंधित विश्वसनीय आंकड़ों के आधार पर ही प्रभावी नीतियों का निर्माण किया जा सकता है। ऐसे में जनगणना की प्रक्रिया में ओबीसी की स्पष्ट पहचान और जातिवार जानकारी दर्ज करने की व्यवस्था होना जरूरी है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्ष 2021 की जनगणना कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित हो गई थी। लंबे समय से जातिगत



जनगणना की मांग के बाद 30 अप्रैल 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति ने आगामी जनगणना में जातियों की गणना शामिल करने का निर्णय लिया। महासभा का कहना है कि 14 अगस्त 2026 को अधिसूचित प्रश्नावली में ओबीसी के लिए पृथक श्रेणी और जातिवार पहचान की स्पष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि आंकड़ों के संकलन में किसी प्रकार की अस्पष्टता न रहे।

ओबीसी की जातियों के लिए प्रमाणित सूची और कोडिंग की मांग

ओबीसी महासभा ने अपनी मांगों में कहा कि जनगणना 2027 के प्रश्नावली प्रपत्र में ओबीसी के लिए एससी एवं एसटी की तरह स्पष्ट पृथक कॉलम निर्धारित किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति की जाति दर्ज करने के लिए अलग प्रविष्टि उपलब्ध कराई जाए तथा केंद्रीय और संबंधित राज्य की ओबीसी सूचियों के अनुरूप प्रमाणित ड्रॉपडाउन सूची तैयार की जाए। इसके साथ ही जातियों के मानकीकृत नाम और विशिष्ट कोड निर्धारित करने, एक ही जाति के अलग-अलग नामों के कारण आंकड़ों में विभाजन रोकने तथा सूची से छूटी जातियों के सत्यापन और वर्गीकरण के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाने की मांग की गई। महासभा ने ओबीसी की कुल एवं प्रत्येक जाति की जनसंख्या के पृथक आंकड़े संकलित करने और उनके सार्वजनिक प्रकाशन की समयसीमा तय करने पर भी जोर दिया।

सामाजिक न्याय की नीतियों में उपयोगी होंगे आंकड़े

महासभा ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग शिक्षा, रोजगार, आरक्षण, सामाजिक-आर्थिक विकास और कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में किया जाना चाहिए। प्रश्नावली में संशोधन से पहले ओबीसी संगठनों, पिछड़ा वर्ग आयोगों, संबंधित विभागों, विशेषज्ञों और सामाजिक प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श करने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि ओबीसी की पृथक पहचान और जातिवार जनसंख्या दर्ज कराने की मांग किसी अन्य वर्ग के अधिकारों को प्रभावित करने के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। महासभा ने संबंधित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर उनके क्रियान्वयन की जानकारी लिखित रूप में उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस दौरान ओबीसी महासभा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव, जिला अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम नरवरिया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष लालू यादव, प्रांतीय कुशवाह समाज के तहसील अध्यक्ष मुकेश कुशवाह, संरक्षण महामंत्री मनोज कुशवाह, संजीव यादव, गजेंद्र यादव, कमलेश कुशवाह, प्यारेलाल कुशवाह, मनोज प्रजापति, अरविंद केवट, अनिता केवट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

किसान नेता रघुवंशी ने अधिकारियों के सामने उठाया मुद्दा

'सिरोंज मंडी में किसानों को नकद भुगतान नहीं, आरटीजीएस के फेर में उलझे अन्नदाता'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कृषि उपज मंडी सिरोंज में सोयाबीन, उड़द और मक्का बेचने आ रहे किसानों को नगद भुगतान नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि व्यापारी बैंकों में पर्याप्त नकदी उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर नगद भुगतान करने में असमर्थता जता रहे हैं। इसके चलते किसानों से बैंक पासबुक लेकर आने को कहा जा रहा है, ताकि 24 से 48 घंटे बाद आरटीजीएस के माध्यम से उनके खातों में राशि भेजी जा सके। तत्काल नकदी की जरूरत के बीच भुगतान के लिए एक-दो दिन इंतजार करना किसानों की मुश्किलें बढ़ा रहा है। किसानों को उपज बेचने के बाद खेतों में काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी चुकाने, डीजल, खाद-बीज खरीदने और अन्य कृषि कार्यों के लिए रुपयों की आवश्यकता होती है। ऐसे में समय पर भुगतान नहीं मिलने से उनके सामने आर्थिक दिक्कतें खड़ी हो रही हैं।

किसान नेता ने मंडी पहुंचकर उठाया मुद्दा

किसानों ने अपनी समस्या किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी को बताई, जिसके बाद वे तत्काल कृषि उपज मंडी पहुंचे और मंडी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सामने किसानों की परेशानी रखी। उन्होंने मंडी सचिव से चर्चा करते हुए कहा कि किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए ही उपज बेचने मंडी आता है। ऐसे में भुगतान के लिए 24 से 48 घंटे इंतजार करने की स्थिति उसके लिए परेशानी का कारण बन रही है। श्री रघुवंशी ने कहा कि किसानों के अनुसार सोयाबीन के बाजार भाव में प्रतिदिन 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। किसान जिस दिन उपज बेचता है, उसी दिन के भाव पर उसका सौदा तय हो जाता है। ऐसे में भुगतान में देरी होने से उसे तत्काल आर्थिक जरूरतें पूरी करने में परेशानी होती है। साथ ही बाजार में भाव बढ़ने की स्थिति में भी किसान अपनी जरूरतों के चलते दोबारा उपज बेचने या बाजार के उतार-चढ़ाव का लाभ लेने के अवसर से वंचित महसूस करता है।

पासबुक की अनिवार्यता से भी बढ़ रही परेशानी



किसान नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि किसान अपनी बैंक पासबुक लेकर हर समय नहीं घूमता। वह उपज लेकर सीधे मंडी पहुंचता है, लेकिन भुगतान के लिए पासबुक मांगे जाने पर उसे अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ती है। पासबुक घर पर होने की स्थिति में भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने में देरी होती है। उन्होंने मंडी प्रशासन से मांग की कि किसानों की समस्या का तत्काल समाधान कराया जाए तथा नियमानुसार नगद भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापारियों और संबंधित बैंकों से समन्वय किया जाए। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने के बाद भुगतान के लिए अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मौके पर मौजूद मंडी कर्मचारियों ने भी किसानों की मांग पर सहमति जताई। अब किसानों को उम्मीद है कि मंडी प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए भुगतान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि अन्नदाताओं को अपनी उपज का पैसा समय पर मिल सके।

कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर जनता से करेंगे संपर्क

पायलट प्रोजेक्ट-2 को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गद्दी के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवध शर्मा के निवास पर पायलट प्रोजेक्ट-2 को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंडल अध्यक्षों, बीएलए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आगामी अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 17 अक्टूबर से शहरी क्षेत्र में पायलट प्रोजेक्ट-2 की शुरुआत की जाएगी। इसके तहत कांग्रेस कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता घर-घर पहुंचकर आमजन से सीधा संवाद करेंगे तथा कांग्रेस पार्टी के उद्देश्यों, विचारधारा और रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाएंगे। बैठक की शुरुआत में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सैफू गद्दी ने पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद उपस्थित



कांग्रेस नेताओं ने अपने विचार रखे और अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर भी चर्चा हुई। कांग्रेस नेताओं ने सत्तारूढ़ दल पर भ्रष्टाचार, बिजली कटौती और किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने के आरोप लगाते हुए इन मुद्दों को जनता के बीच उठाने की बात कही। नेताओं ने कहा कि आमजन की समस्याओं और उनके हितों को लेकर कांग्रेस पार्टी आगामी समय में बड़ा आंदोलन करेगी। आंदोलन की रणनीति और जनसमर्थन जुटाने को लेकर भी बैठक में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवध शर्मा, अंसार खान, देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, डॉ. सुब्हान गौरी, गजेंद्र यादव, कमलेश कुशवाह सहित मंडल अध्यक्ष, बीएलए और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सतखनी में लगेगा विद्युत समस्या निराकरण शिविर

सिरोंज। नगर में विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा शुक्रवार को संपर्क अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर वार्ड क्रमांक 18 स्थित सतखनी मोहल्ला में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इसमें क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण करवा सकेंगे। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने तथा बिजली से जुड़ी शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आयोजित शिविर में उपभोक्ता अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर पहुंच सकते हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनना और उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करना है, ताकि लोगों को बिजली संबंधी परेशानियों के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शहर के वार्ड क्रमांक 18 स्थित सतखनी मोहल्ला में आयोजित होने वाले इस शिविर से संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अपनी शिकायतें दर्ज कराने और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रम में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा शामिल हुए

2 करोड़ 23 लाख की लागत से शासकीय हाई स्कूल भौंरिया में होंगे विभिन्न निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम भौंरिया स्थित शासकीय हाई स्कूल में 2 करोड़ 23 लाख की लागत से बनने वाले 06 अतिरिक्त कक्ष, बाउंड्रीवॉल सहित विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रम में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं ग्रामवासियों के साथ भूमिपूजन, लोकार्पण किया। वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास का मजबूत आधार है। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना और विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना प्राथमिकता है। शासकीय हाई स्कूल भौंरिया में होने वाले इन निर्माण कार्यों से विद्यालय की सुविधाओं में वृद्धि होगी तथा विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर



वातावरण प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, बिजली, पेयजल सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हों और वे अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, अधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने विकास कार्यों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। विधायक ने कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सरकारी अस्पताल के शासकीय क्वार्टर में चोरी करने वाला गिरफ्तार



बरेली। नगर के पुराने शासकीय अस्पताल परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर में घुसकर 15 हजार रुपये की नकदी चोरी करने वाले आरोपी को बरेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी कैमरों की जांच की और संभावित संदिग्धों से पूछताछ की। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी संजय उर्फ बटला अहिरवार (21 वर्ष), निवासी होली चौक बरेली को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादिया इंद्रा सुरमा निवासी पुराना शासकीय अस्पताल बरेली ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 12-13 अक्टूबर 2026 की दरमियानी रात अज्ञात व्यक्ति उनके शासकीय आवास में घुसा और पर्स में रखे 15 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गया। शिकायत पर बरेली थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) एवं 305(ए) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया था। चोरी के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत (विवेचक एवं गिरफ्तारी कार्रवाई), प्रधान आरक्षक अनिल तथा आरक्षक मुकेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दो सप्ताह से खरगोन में पेयजल की भारी किल्लत

नल जल योजना की पाइपलाइन हुई क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

केंद्र सरकार और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी घर-घर नल से जल पहुंचने की योजना पर तेजी से कार्य कर रहे हैं। वही तहसील के ग्राम खरगोन जो कि आसपास की 20 - 25 ग्रामों के बीच मुख्य व्यापारिक केंद्र है। पिछले दो सप्ताह से ग्राम के निवासी पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा परेशान होकर सीएम हेल्पलाइन और अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी जल योजना की टूटी पाइपलाइन को ठीक करने खरगोन के निवासियों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने में जिम्मेदारों की उदासीनता बनी हुई है।

उदासीनता पड़ रही भारी: खरगोन की ग्राम पंचायत और पी एच ई विभाग के अधिकारियों



कर्मचारियों को सूचना के बाद भी क्षतिग्रस्त पाइपलाइन का सुधार न कराए जाने की उदासीनता हजारों खरगोन निवासियों पर भारी पड़ रही है। स्कूल जाने के समय में परिवार के बच्चे महिलाएं पानी की व्यवस्था में परेशान बने रहते हैं। हैंडपंपों पर लोगों की सुबह से शाम तक भीड़ बनी रहती है। एक दो पीपा पानी घर लाने पूरा परिवार लगा रहता है। पानी की बनी किल्लत से खरगोन के सैकड़ो परिवारों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है।

सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

पिछले दो सप्ताह से खरगोन में पानी की भारी परेशानी और किल्लत का सामना परिवार कर रहे हैं। लोगों द्वारा पीएचई अधिकारियों ग्राम पंचायत सरपंच सचिव को सूचना दी परंतु टूटी पाइप लाइन को ठीक न करने से परेशान लोगों द्वारा निरंतर सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायतें की जा रही है। खरगोन निवासियों द्वारा तत्काल टूटी पाइप लाइन सुधारने की मांग और आंदोलन की भी तैयारी की जा रही है।

प्रिंसटन कॉलेज में तीन दिवसीय टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन

शिक्षकों को दिया विशेष प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों की कार्यक्षमता बढ़ाने तथा शिक्षण पद्धतियों को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से प्रिंसटन कॉलेज बरेली में आयोजित तीन दिवसीय टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आज 15 अक्टूबर को सफलतापूर्वक समापन हुआ। 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक कॉलेज परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, विद्यार्थियों के साथ बेहतर संवाद तथा शैक्षणिक कार्यों को अधिक प्रभावशाली बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय काउंसलर डॉ. सलाउद्दीन सर ने अपने अनुभव, मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को शिक्षण कार्य की बारीकियों से अवगत कराया।

प्रिंसटन कॉलेज प्रबंधन की पहल पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को बदलते शैक्षणिक परिवेश के अनुरूप तैयार करना तथा उनकी शिक्षण क्षमताओं में निरंतर वृद्धि करना रहा। वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। ऐसे में शिक्षकों के लिए विषय ज्ञान के साथ-साथ प्रभावी संवाद कौशल, विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं की समझ, कक्षा प्रबंधन तथा नवीन शिक्षण पद्धतियों का ज्ञान भी आवश्यक हो गया है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धर्मेंद्र दांगी पुत्र श्री गजराज सिंह दांगी निवासी ग्राम इंदरवास तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा म.प्र. से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं के आधिपत्य का मकान / प्लॉट जो कस्बा ग्यारसपुर तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा म.प्र. पुराना आराजी क्र. 383 नया 383/1/2, एरिया 550 वर्गफिट जिसकी चतुर्सीमाएं उत्तर में 3 फीट गली बाद मकान प्रेमसिंह दक्षिण में विक्रेता का कच्चा कबेलू मकान पूर्व में भूमि चंदनसिंह, फूलसिंह पश्चिम में सागर रोड़ है। उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्री धर्मेंद्र दांगी पुत्र श्री गजराज सिंह दांगी निवासी ग्राम इंदरवास तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा म.प्र. हैं उक्त संपत्ति की लिंकडीड जिसके पूर्व विक्रेता चंदनसिंह पुत्र मिश्रीलाल जाति विश्वकर्मा निवासी ग्राम ग्यारसपुर तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा म.प्र. हैं जिनसे पूर्व केता डोंगरसिंह पुत्र भगवानसिंह निवासी ग्राम चक सौंसेरा तहसली त्योंदा जिला विदिशा म.प्र. के द्वारा क्रय की गई थी जिसका विक्रय पत्र ग्रंथ क्रमांक 95 है जिसकी दिनांक 01-05-2010 है उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्री धर्मेंद्र दांगी पुत्र श्री गजराज सिंह दांगी निवासी ग्राम इंदरवास तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा म.प्र. हैं उनके द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त संपत्ति की उक्त लिंकडीड कहीं खो गई है यदि उक्त लिंकडीड या उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या किसी के पास उक्त संपत्ति बंधक आदि रखी गई हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी ।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने
इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, नेशनल
इंश्योरेंस के पास, राजीवनगर, विदिशा,
जिला विदिशा म.प्र.

बिजली कटौती की मार, नहीं चल पा रहे ट्यूबवेल

धान की फसलों में पानी का संकट, लग रहे रोग



बरेली। धान के उत्पादन और खेती में विशेष स्थान रखने वाले बरेली बाड़ी तहसीलों में बारिश की कमी से धान की फसलें प्रभावित कमजोर और रोग ग्रस्त हो रही हैं। दिन में तेज धूप और गर्मी के कारण धान के खेतों में भरा पानी तेजी से सूख रहा है। बिजली कटौती के कारण किसान ट्यूबवेलों के माध्यम से धान में पानी पूरा नहीं कर पाने से हजारों एकड़ धान की फसलों पर संकट बन रहा है।

पैदावार पर असर- जिस प्रकार दिन में भारी गर्मी और तेज धूप और रात में ठंडक का मौसम बन रहा है उससे धान की फसलों में विभिन्न रोगों का प्रकोप हो रहा है। धान में बलिया निकल चुकी हैं दाना भरने और पकने की स्थिति में धान की फसलों में पानी की भारी कमी से फसलें प्रभावित कमजोर हो रही हैं। जिसका सीधा असर धान के उत्पादन पर पड़ेगा इसी को लेकर किसानों में भारी चिंता और आर्थिक नुकसान होने का व्यापक चर्चा बनी हुई है। इस वर्ष औसत से 25 - 30% कम बारिश हुई जिसका सबसे अधिक असर नदी नालों में कम पानी धान के खेतों में पानी की कमी और गिरे भूजल स्तर के रूप में दिखाई दे रहा है। पानी ही पानी में पैदा होने पकने वाली धान में पानी की कमी से खेतों में दरारें पढ़ने लगी हैं जिस फैसले कमजोर हो रही है।

बिजली कटौती की मार- बारिश की कमी से परेशान धान की खेती करने वाले किसानों को सिंचाई के लिए निर्धारित 10 घंटे बिजली भी नहीं मिल पा रही है। बिजली के इंतजार में किसानों को रत जगा भी करना पड़ रहा है।

छींद धाम में जारी भगवान श्री गणेश महापुराण कथा

शमी मंदार पुष्प दूर्वा से प्रसन्न होते हैं श्री गणेश



बरेली। हनुमान मंदिर छींद धाम में चल रही सात दिवसीय श्री गणेश महापुराण कथा में कथा व्यास पूज्य वेदाचार्य जी महाराज द्वारा प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की लीलाओं के साथ उनकी भक्ति साधना पूजन की सरल वीधियो से अवगत कराया जा रहा है। कहा कि शमी पत्र मंदार पुष्प दूर्वा अर्पित करने से श्री गणेश जी अति प्रसन्न होकर अपने भक्तों की विभिन्न बाधाओं को दूर करते हैं। कथा व्यास वेदाचार्य जी महाराज द्वारा श्री गणेश जी की भक्ति के अनेक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि जो सच्चे मन से श्री गणेश जी की पूजन और प्रार्थना करता है उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। कहा की श्री गणेश जी में गहरी आस्था और संकल्प हो तो बड़े से बड़े कष्ट और बाधाएं दूर हो जाती हैं। श्री गणेश महापुराण कथा श्रवण करने ग्राम छींद के साथ आसपास के ग्रामों से भी श्रद्धालुओं भक्तों की प्रतिदिन उपस्थित हो रही है। कथा आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं में छींद धाम सेवक कृष्ण कुमार रघुवंशी का परिवार सक्रिय बना हुआ है।

म.प्र. जन अभियान परिषद् जिला विदिशा
(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन)
पुराना कलेक्ट्रेट परिसर, कोषालय स्थापना शाखा का कक्ष
फोन 07592-234609 ई-मेल dcjapvid@mp.gov.in, vid_dcjap@rediffmail.com

क्रं- 795/जि.ज.अ.प./ वाहन / 2026 :: वाहन विज्ञप्ति :: विदिशा, दिनाँक 15.10.2026

म.प्र. जन अभियान परिषद जिला कार्यालय विदिशा में जिला समन्वयक कै क्षेत्रीय भ्रमण कार्य हेतु मासिक / दैनिक दरों पर चार पहिया वाहन जो कि वर्ष 2025 से पुराना ना हो एवं टैक्सी परिमिट पास हो (जी.एस.टी. को प्राथमिकता) के लिए दरें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की शर्तें एवं निविदा प्रपत्र म.प्र. जन अभियान परिषद जिला कार्यालय विदिशा, पुराना कलेक्ट्रेट परिसर, कोषालय स्थापना शाखा का कक्ष से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22/10/2026 सायं 05 बजे तक हैं एवं निविदा उसी दिन सायं 05:30 बजें जिला कार्यालय में उपस्थित निविदाकर्ता के समक्ष खोली जावेगी।

जिला समन्वयक
म.प्र. जन अभियान परिषद जिला विदिशा

एक महीने में आईडी बनाने अल्टीमेटम, प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो वेतन में होगी परेशानी

जिले में 147 नवनियुक्त शिक्षकों की यूनिक आईडी अटकी, ऑफलाइन लगा रहे अटेंडेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के सरकारी स्कूलों में पदस्थ करीब 380 में से 147 नवनियुक्त शिक्षकों की यूनिक आईडी अब तक नहीं बन पाई है। इसके चलते इन शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पा रही है और फिलहाल स्कूलों में उनकी उपस्थिति ऑफलाइन दर्ज की जा रही है। शिक्षकों की नियुक्ति के बाद भी यूनिक आईडी बनाने की प्रक्रिया पूरी नहीं होने से विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अब जिला शिक्षा विभाग को एक महीने के भीतर सभी शिक्षकों की यूनिक आईडी बनाने का काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो आने वाले समय में शिक्षकों के वेतन भुगतान में परेशानी आ सकती है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के सरकारी स्कूलों में प्राथमिक और माध्यमिक



स्कूलों में 380 शिक्षकों की नियुक्तियां की गई थीं। नियुक्ति के बाद इन शिक्षकों की विभागीय पहचान दर्ज करने 147 शिक्षकों की यूनिक आईडी अभी नहीं बनीं है।और ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था से जोड़ने के लिए यूनिक आईडी बनाई जानी थी। इसके बावजूद जिले में बड़ी संख्या में शिक्षकों की आईडी अब तक नहीं बन सकी है। शिक्षक नियमित रूप से स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण उनकी उपस्थिति ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज नहीं हो पा रही है।

नए शिक्षकों को भी करना होगा आवेदन

यूनिक आईडी बनवाने के लिए नवनियुक्त शिक्षकों को आवेदन करना होगा। विभाग की ओर से शिक्षकों को इस संबंध में जानकारी दी गई है। आवेदन प्राप्त होने और जरूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यूनिक आईडी तैयार की जाएगी। इसके बाद ही शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस की व्यवस्था से जुड़ सकेंगे। जिले में करीब 380 शिक्षक में 147 शिक्षक इस समस्या से प्रभावित बताए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में शिक्षकों की आईडी लंबित होने के कारण जिला शिक्षा विभाग के सामने तय समय सीमा में प्रक्रिया पूरी करने की चुनौती है। विभाग को शिक्षकों के आवेदन प्राप्त करने, आवश्यक दस्तावेजों की जांच करने और आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लानी होगी। इससे शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति शुरू करने के साथ विभागीय रिकॉर्ड को भी व्यवस्थित किया जा सकेगा।

एक महीने में काम पूरा करने की चुनौती

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायसेन के सहायक संचालक एमआर बागड़ी के अनुसार, नए शिक्षकों को यूनिक आईडी बनवाने के लिए आवेदन करने के लिए कहा गया है। आईडी बनाने का काम भी चल रहा है। फिलहाल नवनियुक्त शिक्षकों की अटेंडेंस ऑफलाइन दर्ज की जा रही है। यूनिक आईडी बनने के बाद ही उनकी ऑनलाइन अटेंडेंस की प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू हो सकेगी। अब शिक्षा विभाग को एक महीने के भीतर सभी लंबित यूनिक आईडी बनाने का काम पूरा करना है। यदि तय समय में यह प्रक्रिया पूरी हो जाती है तो शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में आ रही परेशानी दूर हो सकती है। वहीं, देरी जारी रहने पर वेतन भुगतान और अन्य विभागीय कार्यों में दिक्कत आने की आशंका बनी रहेगी।

इनका कहना है

जिन शिक्षकों की यूनिक आईडी नहीं बनी है, उनके संबंध में जिले के संकुल केंद्र प्राचार्यों को पत्र लिखकर अवगत करा दिया है ताकि शिक्षकों की यूनिक आईडी बनाने की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके।
निर्मला नंदन तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी, रायसेन

आईडी नहीं होने से ऑनलाइन अटेंडेंस की व्यवस्था प्रभावित

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू है। इसके तहत शिक्षकों की यूनिक आईडी महत्वपूर्ण होती है। आईडी के माध्यम से शिक्षकों की पहचान और उपस्थिति का रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज किया जाता है। लेकिन जिन नवनियुक्त शिक्षकों की यूनिक आईडी नहीं बनी है। वे इस व्यवस्था से नहीं जुड़ पाए हैं। ऐसे में स्कूलों में उनकी अटेंडेंस ऑफलाइन रजिस्टर में दर्ज की जा रही है। ताकि उनकी नियमित उपस्थिति का रिकॉर्ड बना रहे। विभागीय व्यवस्था के अनुसार, पुराने शिक्षकों के वेतन भुगतान में ई-अटेंडेंस का महत्वपूर्ण आधार होता है। ऐसे में नए शिक्षकों की यूनिक आईडी नहीं बनने से भविष्य में वेतन संबंधी प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल उनकी उपस्थिति ऑफलाइन दर्ज कर व्यवस्था संचालित की जा रही है, लेकिन यह व्यवस्था लंबे समय तक जारी रहने पर विभागीय रिकॉर्ड के मिलान और वेतन प्रक्रिया में दिक्कतें आ सकती हैं।

डीईओ को पहले भी लिखा था पत्र, फिर भी नहीं बनीं सभी यूनिक आईडी

नवनियुक्त शिक्षकों की यूनिक आईडी बनाने में हो रही देरी का मामला पहले भी विभागीय स्तर पर उठ चुका है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी निर्मला नंदन तिवारी को पत्र लिखकर प्रक्रिया जल्द पूरी कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद जिले के सभी नवनियुक्त शिक्षकों की आईडी नहीं बन पाई है। अब डीपीआई भोपाल से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायसेन को मिले निर्देशों के बाद एक महीने के भीतर प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी की जा रही है। यूनिक आईडी बनाने की जिम्मेदारी पूरी करने के लिए संकुल केंद्रों के स्तर पर भी कार्रवाई की जा रही है। जिला शिक्षा विभाग की ओर से संबंधित संकुल केंद्र प्राचार्यों को इस संबंध में अवगत कराया गया है। ताकि जिन शिक्षकों की आईडी नहीं बनी है, उनके आवेदन और दस्तावेज संबंधी प्रक्रिया जल्द पूरी कराई जा सके।

समिति ने दुर्गा झांकी समितियों के साथ की बैठक

दशहरा की तैयारियां तेज, 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन



अनाज मंडी के रास्ते मुख्य बाजार से निकालेंगे विसर्जन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व को लेकर रायसेन शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। विजयादशमी पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए श्री हिंदू उत्सव समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी सिलसिले में श्री हिंदू उत्सव समिति ने दुर्गा झांकी समितियों के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल समारोह के मार्ग, झांकियों की व्यवस्था और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक अध्यक्ष रवि खत्री की मौजूदगी में हुई। समिति की बैठक में दशहरा पर्व चल समारोह को लेकर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार चल समारोह अनाज मंडी के रास्ते शहर के मुख्य बाजार से होकर निकलेगा। इस दौरान विभिन्न दुर्गा काली मां की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। चल समारोह में शामिल होने वाली दुर्गा झांकी समितियों के सदस्यों से आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाएं बनाने पर चर्चा की। ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

दशहरा उत्सव के अवसर पर 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन चिताकर्षकआतिशबाजी के साथ किया जाएगा। रावण दहन विजयादशमी पर्व का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इसके माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जाएगा। पर्व को लेकर शहरवासियों में उत्साह का माहौल है और लोग दशहरा उत्सव कार्यक्रम का इंतजार कर रहे हैं।

व्यवस्थाओं को लेकर बनाई जा रही रूपरेखा

बैठक में विजयादशमी पर्व चल समारोह के दौरान दुर्गा मां काली की झांकियों के क्रम, मार्ग की व्यवस्था और आयोजन को सुचारु रूप से संचालित करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। दशहरा पर्व पर बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समिति का उद्देश्य है कि धार्मिक उत्साह और परंपरा के साथ कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। वैसे भी दशहरा पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है। यह पर्व भगवान श्रीराम की रावण पर विजय और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। रायसेन में हर साल दशहरा उत्सव के दौरान चल समारोह और रावण दहन को लेकर लोगों में उत्साह रहता है। इस बार भी आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू होने से शहर में पर्व का माहौल बनने लगा है।

नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सौंपी राशि, समिति ने जताया आभार

दशहरा पर्व आयोजन के लिए नपा परिषद ने दिए 75 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

दशहरा पर्व के आयोजन की तैयारियों के बीच नगर पालिका परिषद ने श्री हिंदू उत्सव समिति को 75 हजार रुपए की सहयोग राशि दी है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन ने समिति अध्यक्ष रवि खत्री को यह राशि सौंपी। इस दौरान वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद कैलाश वीरेंद्र ठाकुर, रवि चक्रवर्ती सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष रवि खत्री ने सहयोग के लिए बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा



प्रदेश उपाध्यक्ष जमना सेन और नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि दशहरा त्यौहार शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा प्रमुख पर्व है। इसके आयोजन को सफल बनाने में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों का सहयोग अहम रहता है।

आयोजन की तैयारियों में मिलेगी मदद

दशहरा पर्व पर शहर में धार्मिक कार्यक्रमों और चल समारोह सहित विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। इनके बेहतर संचालन के लिए व्यवस्थाएं जुटाना समिति की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में नगर पालिका की ओर से मिली सहयोग राशि आयोजन संबंधी तैयारियों में मददगार होगी।दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रायसेन में हर साल यह पर्व उत्साह के साथ मनाया जाता है। नगर पालिका के सहयोग से आयोजन में संस्थागत सहभागिता बढ़ेगी। इस दौरान समिति सदस्यों ने पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की।

दुर्गा झांकी पंडालों में गूंजे माता रानी के जयकारे, महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

मां दुर्गा की आरती, बच्चों की थालियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शारदीय नवरात्रि पर शहर में मां दुर्गा की आराधना और उपासना भक्ति का माहौल बना हुआ है। शहर के विभिन्न दुर्गा काली झांकी पंडालों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी है। जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों और महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। मां दुर्गा के जयकारों और भक्ति गीतों से झांकी पंडालों का वातावरण भक्तिमय हो रहा है। इसी क्रम में सांची मार्ग स्थित शीतल सिटी कॉलोनी में दुर्गा उत्सव समिति की ओर से महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए और विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना उपासना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली की कामना की।

सैकड़ों दीपों से जगमगाया दुर्गा झांकी पंडाल

महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने सैकड़ों दीप जलाकर मां दुर्गा की आरती उतारी। एक साथ जलते दीपों से पूरा पंडाल रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। आरती के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। माता रानी के जयकारों और धार्मिक गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर मां दुर्गा से आशीर्वाद मांगा। आयोजन में शामिल महिलाओं और पुरुषों ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लिया। दीपों की रोशनी और भक्तिमय वातावरण ने आयोजन को विशेष बना दिया। महाआरती के दौरान बच्चों की ओर से सजाकर लाई गई पूजा की थालियां आकर्षण का केंद्र रहीं। रंग-बिरंगी सजावट और दीपों से सजी थालियों के साथ बच्चों कन्याओं ने उत्साहपूर्वक आरती में भाग लिया। शारदीय नवरात्रि के प्रति बच्चों में भी खास उत्साह देखने को मिला। परिवारों के साथ पहुंचे बच्चों ने धार्मिक आयोजन में सहभागिता कर परंपराओं के प्रति अपनी धार्मिक आस्था व्यक्त की। पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच बच्चों की सजी हुई थालियों ने खास ध्यान खींचा।



बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

शारदीय नवरात्र के चलते रायसेन शहर के विभिन्न दुर्गा झांकी पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। पंडालों में मां दुर्गा काली की प्रतिमाओं के दर्शन करने के लिए लोग परिवार सहित पहुंच रहे हैं। कई स्थानों पर सामूहिक आरती और अन्य धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से श्रद्धालु भक्ति में शामिल हो रहे हैं। शाम होते ही झांकी पंडालों में रौनक बढ़ जाती है और माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठता है। शीतल सिटी कॉलोनी में आयोजित महाआरती ने भी श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ने का काम किया। ऐसे आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक मेल-जोल और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नवरात्र के दौरान शहर में दिखाई दे रहा उत्साह मां दुर्गा के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था को दर्शाता है।

गूंजे जयकारे, संजो बघेल ने देवी भजनों से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर बुधवार रात 8 बजे शहर के दशहरा मैदान में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में शक्ति पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन से पहले समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में जबलपुर की सुप्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल और उनके म्यूजिकल ग्रुप ने



भगवान श्री राम, हनुमानजी और मां दुर्गा की आराधना पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुनों से दशहरा मैदान भक्तिमय हो गया। संजो बघेल ने हनुमानजी की आराधना के साथ देवी भजन संध्या की शुरुआत की। इसके बाद एक के बाद एक देवी भजनों की रंगारंग प्रस्तुति पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध नजर आए। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित शक्ति पर्व धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने की सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से लोगों में धर्म, आस्था और भारतीय संस्कृति के प्रति भाव जागृत होता है। उन्होंने भजन गायिका संजो बघेल की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

युद्ध का मंचन

आयोजित कार्यक्रम के रंगमंच पर भगवान प्रभु श्री राम और लंकापति रावण की सेना के बीच महासंग्राम को देख दर्शकों ने जमकर तालियां पीटी। गोल घेरे में युद्ध की लीला का मंचन हुआ।

51 फीट ऊंचे मंदिर में 21 साल से परंपरा

नौ देवी दुर्गा शक्तिपीठ में 251 अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित, उमड़ रही श्रद्धालु की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रायसेन शहर के मुखर्जी नगर स्थित नौ देवी दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर स्वामी शिवोम तीर्थ आश्रम में शारदीय नवरात्रि पर भक्तिमय माहौल है। स्वामी शिवोम तीर्थ आश्रम परिसर में बने 51 फीट ऊंचे मंदिर में मां दुर्गा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर समिति के स्वामी निज्लानंद के अनुसार यहां 21साल से अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने की परंपरा चली आ रही है। इस बार देवी भक्तों ने 251 अखंड ज्योति कलश जलाए हैं। 9



दिनों तक लगातार जलने वाले इन अखंड ज्योति कलशों की रोशनी से माता का दरबार जगमगा रहा है। हर कलश के साथ एक परिवार की मन्नत और आस्था जुड़ी हुई है। नौ देवी शक्तिपीठ मंदिर में रोजाना सुबह और शाम महाआरती की जा रही है। आरती के बाद भजन-कीर्तन और दुर्गा सप्तशती दुर्गा चालीसा का पाठ चल रहा है। देर शाम तक मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज रहा है।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पार्किंग, पेयजल और प्रसादी की अलग व्यवस्था की गई है। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए दर्शन की अलग लाइन लगाई गई है ताकि किसी को परेशानी न हो।शारदीय नवरात्रि पर्व के आखिरी तीन दिन यहां विशेष भीड़ रहने की संभावना है।

पत्रकार से मारपीट और बंधक बनाने का आरोप, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

रायसेन जिले के बेगमगंज क्षेत्र में समाचार कवरेज के दौरान पत्रकार और उनके भाई के साथ कथित मारपीट, बंधक बनाने तथा मोबाइल से वीडियो-फोटो डिलीट कराने का मामला सामने आया है। घटना के विरोध में प्रेस क्लब गैरतगंज ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने गुरुवार को गैरतगंज अनुविभाग कार्यालय में तहसीलदार अमृता सुमन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समाचार संकलन के दौरान उनके साथ होने वाली घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई।



ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रेस क्लब गैरतगंज के पत्रकार प्रेम दयाल शर्मा, नरेंद्र साहू, मयंक तिवारी, मसूद अली पटेल, राकेश गौर, संजय द्विवेदी, अवनीश शर्मा, हिमांशु श्रीवास्तव, सचिन जैन, शानू मंसूरी और अर्जुन लोधी सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे। प्रेस क्लब ने प्रशासन से पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्र पत्रकारिता के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई।

52 वर्षों की गौरवशाली परंपरा: बाल कृष्ण नाट्य कला मंडल की प्रस्तुति

श्रीराम की लीलाओं का आदर्श मंच, पाठशाला में पीढ़ियां सीख रहीं मर्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

नगर के मंगलवार बाजार के समीप स्थित बाल कृष्ण नाट्य कला मंडल की रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आस्था, संस्कार, कला और आदर्शों की 52 वर्षों की गौरवशाली यात्रा है। यह वह मंच है, जिसने समय के अनेक उतार-चढ़ाव देखे कई पीढ़ियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने की परंपरा को निरंतर जीवित रखा।

आज जब अनेक स्थानों पर रामलीलाओं के आयोजन बंद होने का सिलसिला चला तब भी यह मंच सनातन परंपरा की डोर को मजबूती से थामे खड़ा रहा। इस गौरवशाली मंच की स्थापना करने वाले महानुभावों को भुलाया नहीं जा सकता। स्व. वेद कामता प्रसाद शर्मा एवं स्व. रामेश्वर दयाल बैरागी



जैसी विभूतियों ने धार्मिक आयोजनों, रामलीला और अखाड़े की परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन महानुभावों ने केवल एक मंच की स्थापना नहीं की, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए संस्कारों और आदर्शों की ऐसी पाठशाला तैयार की, जिसका प्रभाव आज भी दिखाई देता है। समय के साथ संस्थापक पीढ़ी के कुछ सदस्य इस संसार से विदा हो गए। तो कुछ अन्य स्थानों पर चले गए। लेकिन उनके द्वारा रखी गई आदर्शों की नींव इतनी मजबूत रही कि मंच की परंपरा कभी कमजोर नहीं पड़ी। संस्थापक परिवारों के परिजन आज भी इस आयोजन से जुड़े हुए हैं और अपनी भूमिका निभाकर पूर्वजों की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। बाल कृष्ण नाट्य कला मंडल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पारिवारिक एकजुटता और परंपराओं के प्रति समर्पण रहा है। समय के साथ परिस्थितियां बदलीं जिम्मेदारियां बदलीं और संचालन की भूमिका निभाने वाले लोग भी बदलते रहे।

हजारों कलाकारों की प्रतिभा का साक्षी बना मंच

मंगलवार बाजार के समीप स्थित इस रामलीला मंच ने एक-दो नहीं बल्कि हजारों कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया है। बाड़ी नगर और आसपास के क्षेत्र के अनेक नागरिक इस मंच पर विभिन्न पात्रों की भूमिका निभा चुके हैं। यहां कलाकारों ने अपनी कला का ऐसा प्रदर्शन किया कि इसकी ख्याति नर्मदा अंचल तक सुनाई देती रही। इस मंच की विशेषता केवल बड़े कलाकार तैयार करना नहीं, बल्कि सामान्य परिवारों के बच्चों और युवाओं को भी अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देना रही है। भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र पर आधारित प्रसंगों के माध्यम से कलाकारों के साथ दर्शकों को भी सत्य, त्याग, कर्तव्य, प्रेम और मर्यादा का संदेश मिलता रहा है। आज भी इस मंच से जुड़ी पुरानी स्मृतियां, कलाकारों के अभिनय और उनके योगदान की चर्चाएं नगर की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। बाल कृष्ण नाट्य कला मंडल की धार्मिक परंपरा में मां दुर्गा की स्थापना और भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन विशेष महत्व रखता है। एक ओर मां दुर्गा की आराधना शक्ति और भक्ति का संदेश देती है, तो दूसरी ओर श्रीराम की लीलाएं मर्यादा, आदर्श और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। पिछले 52 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा बाड़ी की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। शक्ति की आराधना और श्रीराम के चरित्र का संदेश मिलकर श्रद्धालुओं के मन में आस्था की ज्योति प्रज्वलित करते हैं।
यह मंच अपनी निरंतरता से यह संदेश देता है कि जब किसी परंपरा की जड़ें मजबूत हों और उसे आगे बढ़ाने वाले लोगों के मन में समर्पण हो, तो समय के बदलाव भी उसकी राह नहीं रोक सकते। बाल कृष्ण नाट्य कला मंडल की 52 वर्षों की यात्रा में नई पीढ़ी का जुड़ना एक सकारात्मक संकेत है। युवा कलाकार नए उत्साह और ऊर्जा के साथ रामलीला की इस संस्कारशाला में प्रवेश कर रहे हैं। उनके लिए यह केवल अभिनय सीखने का मंच नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को समझने का अवसर भी है।